and see the record. I assure you if anybody has said anything which is derogatory, it will be removed. Anything wrong which should not be recorded, will not be recorded. Any allegation, other Members have a right to give an explanation under certain prescribed rules. Now, please let us think about the bomb blasts in this country. Shri Ramachandraiah.

श्री आर.पी. गोयनका (राजस्थान): मैं आपसे एक विनती करना चाहता हूं। आपके बराबर एक्सपीरियेंस्ड यहां मुझे कोई नहीं लगता है...

उपसभापति : बाहर भी नहीं है।

श्री आर.पी. गोयनका : मुझसे ज्यादा अनएक्सपीरियेंस्ड भी कोई नहीं है। लेकिन मैं आपके स्कूल में पढ़ा हुआ हूं इसलिए पीस लाने के लिए मैं यह सजेस्ट करता हूं कि 15 मिनट के लिए अगर दरकार हो तो यह सेशन स्थगित कर दें। इस बीच आप जो रिकार्ड है उसको देख लें और फिर अपनी रूलिंग दे दें। ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : कई दफा ऐसा होता है कि अगर मामला बहुत ही गंभीर होता है तो इमीडिएटली हाउस एडजर्न कर देते हैं। लेकिन मुझे इसमें इतनी गंभीरता नहीं लग रही है। इसको एक घंटे में, आधा घंटे में देख लेंगे। यहां डिसकशन तो शुरू कर दें। I promise that I will see the record. I promise both the sides. Now, let us go ahead.

श्री प्रेमचन्द्र गुप्ता (बिहार): गोयनका जी की यह पहली रेक्वेस्ट है।

उपसभापति: मैं मानूंगी, हजारों रेक्वेस्ट मानूंगी, पर अभी नहीं। इसमें भी अगर मेडन रेक्वेस्ट होने लगे तो फिर हाउस मेडन्स का हो जाएगा।

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Recent incidents of bomb blasts in various parts of the country-*Contd.*

SHRI C. RAMACHANDRIAH (Andhra Pradesh): Madam, this august House has been discussing about the serial bomb blasts in various parts of the country. A lot of details have been given. With yesterday's incidents, it has gained more momentum and significance, as compared to the previous incidents. When one goes into the past incidents, it can easily be derived that to create instability in the country, to create strife in the country, to destabilise this nation, a consistent attempt is being made.

Madam, if you analyse the situation, it revolves around the role of Pakistan. Besides indulging in cross-border terrorism, they have been aiding and abetting the militant organisations to achieve their nefarious

objectives in this country. They have gone to the extent of crippling the Indian economy by pumping fake currency notes, laundered money, so that these militant outfits can become financially sound to carry on their activities. Madam, I want to draw the attention of the hon. Minister to the subversive activities of the ISI. The militant organisation called Hizbul Mujahideen came forward for discussion. It was prepared for a discussion and it announced a ceasefire. I do not want to go into the details whether that has got a personality of its own or whether it is a legal entity or not. But one of its members had questioned its decision. In my opinion, the ceasefire acceptance itself seems to be imprudent. It is the only organisation which came forward. We can't verify the *bona fides* of the organisation. There are umpteen number of other militant outfits which have not come forward. Ultimately, this revolves around the role of Pakistan in this country. The bomb-blasts that have taken place, the killings that took place yesterday, all these revolve around that only. Without discussing the role of Pakistan, this subject can't be discussed in this august House.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): But there was no bomb-blast yesterday.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, I do agree. Sir, it is just a question of bomb-blasts that have taken place in the country. It is the disturbance that is being created in the country which should be a matter of concern. Who is responsible for it? Who is responsible for the blasts that took place either in Andhra Pradesh or in Hubli or in Wadi or in Goa? Ultimately, it is the ISI, which is carrying on all these activities with the help of the local militant organisations. The ISI is financing and supporting them. So, without a discussion about the ISI and its activities, I do not think a fruitful discussion can take place on this subject. Madam, with regard to the direction of the Government. .

THE DEPUTY CHAIRMAN: This is not a Short Duration Discussion. It is a Calling Attention. In a Calling Attention you need not build up the whole theory. You can put straight questions. It has to be completed within one hour on the first day.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Ultimately, I am arriving at that only. Madam, the Government should have been more vigilant. As I said, the other organisations have not come forward for negotiations; not even the Pakistan Government. Madam, I may tell you one thing about yesterday's

happenings. The moment Hizbul Mujahideen came forward with the proposal, the *Jamat-e-Islami* chief, Qazi Hussain Ahmed, asked Musharraf, 'Are you subscribing to the ceasefire?' Within a couple of days, yesterday's incident took place. This indicates the stand of the Government of Pakistan and other militants. So, what I am trying to say is, the Government's direction to our armed forces to confine to self-defence, it seems, is responsible for yesterday's killings.

Madam, with regard to intelligence, there were accusations on the floor of this House and outside the House also during the Kargil war that the Government was not vigilant and that the intelligence had failed in procuring the information. Eternal vigilance is necessary, and that is the need of the hour. If we had been more alert, then we would have been able to contain yesterday's incident. We should be aware that it is a question of elementary common sense that has failed. The militants who are opposed to this proposal of ceasefire will definitely resort to some violent action against us. Madam, it may be recalled that when the US President visited our country, there were attacks on innocent people in Kashmir. It is a question of common prudence that our intelligence authorities should have anticipated and informed the Government and the military authorities about it. ...*(Time-bell)* Madam, it is so early.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Again you are mistaken. It is better you read the text. ...*(Interruptions)*...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Madam, I have inherited this practice from our elders who were here earlier. ..(Interruptions)...The Chair was kind enough to allow them. So, we have inherited this habit from them. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Chair is still very kind. But the whole thing is that the Chair has to direct also. It is my duty to direct you that the discussion is under the Calling Attention regarding incidents of bomb blast in various parts of the country and not yesterday's incident because what happened yesterday, we have already discussed and closed it.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I request the Chair to be kind to me also. How can we discuss this subject without discussing the role of those who are responsible for these bomb blasts in this country? We cannot discuss these bomb blasts without bringing in the role of the ISI. I think

without mentioning all these things, the discussion will not be fruitful. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: There were incidents of bomb blast in your own State, in Goa and other places. You should speak on those bomb blasts. You should not confine yourself only to yesterday's incident.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Madam, this morning I put posed a question to the Minister of External Affairs and said that the problem lies with Pakistan and not with any organisation in India. I wanted to know from him whether for creating a congenial atmosphere for a dialogue -- it is not Pakistan, it is somebody else who is controlling Pakistan; it is America and the Army of Pakistan who are controlling that country and not the people of Pakistan -- we can exercise our influence over America, if at all there is any, through diplomatic channels and by restraining the IMF and the World Bank from financing Pakistan so that it desists from strengthening its ISI activities in this country and is declared as a terrorist State. The answer I got from the External Affairs Minister was that a great country like India need not approach the US. What is happening today is a twist in our foreign policy which will not be in the interest of our country at all. If it continues to be so, then we will not be able to control these bomb blasts easily in this country. Madam, my feeling is that we should not have accepted this ceasefire and we should have been more vigilant. Today there is an editorial in a national daily of Pakistan that it was at the behest of the United States that it has pressurised both India and Pakistan to accept the ceasefire and negotiation. It is good to have negotiations but ultimately it is not going to achieve the objective. It seems that they only want to gain time to refurbish and strengthen themselves. Madam, I appeal to the Government once again that they should be more vigilant because these attacks might recur unless we are vigilant. Thank you.

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal)): Madam, I would just take half a minute because a problem arose in the morning in connection with the status of certain motions which the Members had tabled. If you could kindly let us know the status of these motions, we will be grateful. This is the only point that I wanted to make.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Mukherjee, the matter which was referred to in the House and which created an unpleasant situation is under the consideration of the Chairman and once he takes a decision, either he himself will inform the House or I will inform the House about what decision

has been taken. Dr. Y. Radhakrishna Murty. I should remind you that you should speak on the bomb blast, not yesterday's incident.

DR. Y. RADHAKRISHNA MURTY (Andhra Pradesh): I will confine myself to the bomb blasts and the Christian community. Is it all right, Madam?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes. Please put the questions.

DR. Y. RADHAKRISHNA MURTY: I had the opportunity to go through the statement of the hon. Home Minister rather very carefully because I had 48 hours time, as it was postponed to today. After studying it carefully, I have come to the conclusion that the statement conceals more than what it reveals. I have two or three points, Madam, for clarifications. The issue of the Calling-Attention Motion, as I understand and as I gave, was primarily relating to the recent bomb blasts, attacks on the Christian community, its institutions, churches and various other aspects in relation to the Christian community.

[**THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI)** in the Chair]

The Home Minister's statement seems to have diluted and diverted the whole thing by expanding the answer and going into terrorism in Jammu and Kashmir, the insurgency in the North-East and the Naxalite or the left wing anarchy. Thank God Veerappan is not included. Madam, I will just go to para 3 of the statement. The blast in the church premises and allied institutions are not confined to the three States of Andhra Pradesh, Goa and Karnataka alone. Worst things have occurred in Gujarat, U.P., M.P., and Orissa. It may be true that in Andhra Pradesh and Karnataka, the Deendar Anjuman, with Pakistan and ISI links is involved, and not nine, but a score of people were arrested. It is true. But on that issue, I would like the Home Minister to note the statement of Shri Dinakaran, DGP of Karnataka, where he said, "We cannot rule out anything. But if an organisation as well founded as the ISI is involved, we expect they would use more sophisticated bombs. Why must they depend on gelatine and not the more expensive and deadly RDX?" This is the statement given by the DGP of Karnataka. I am quoting this. The other issue is, though some may feel that by God's grace, the truth has come out, I still feel that the truth has not come out. It is only the partial truth that has come out. The basic cause lies elsewhere. Scores of media articles and editorials have pointed out the hate campaign as the root cause for all these things. Here again, I am quoting.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T. N. CHATURVEDI): Please put the questions, as the Madam has said or highlight the issues because quoting takes a long time.

DR. Y. RADHAKRISHNA MURTY: Sir, I am putting the questions. I am pointing out to the statement. I would like to know how the Home Minister can justify his statement in view of these quotations. Mr. Julio Ribeiro, the former Director-General of Punjab, in his lengthy article, published recently in *The Hindu*, dated 27th July, 2000, said, I quote. I have got the quotation. He writes, I am not quoting the entire article; I am only quoting a couple of sentences. It says, "It is not unlikely that the ISI is involved. But they have been provided the handle by the hate-filled and unwarranted statements against Christians made by the VHP and the Bajrang Dal leaders..." -- it is a quotation, it is not my statement-- "... Christians in India have always belonged to the main-stream. They have never given cause for complaints to the law-enforcing authorities. It is very unjust to target them in this fashion." This is the statement of the former DGP of Punjab. I have innumerable examples of this hate campaign but I do not want to go into the details. I have got a long list of them.

Now, thirdly, coming to para 4 of the statement - I am confining myself to the statement - the Government tries to shift the responsibility in regard to 'public order' and 'police' by saying that it is a State subject, when the ruling party's *Pariwar* is instigating hatred and violence all over the country. Of course, the list of assistance provided by the Government is given here. But when the Government conveniently takes umbrage under the Constitutional provision of 'technicality', how do you explain this Government's attempt at imposing article 356 in Bihar and a virtual show-cause notice given recently to West Bengal.

Finally, to conclude, it is the responsibility of the State to order an impartial inquiry and investigation, giving up the policy of prevarication, to order a fullstop to this hate campaign, to assuage the hurt feelings of the Christian community, to offer all protection required for them, to maintain communal harmony, to keep the great tradition of tolerance of this great country alive and to adhere to the Constitutional provision of guarantees given to the minority community under articles 25 and 30. Otherwise, Sir, this NDA Government will go down in history as a 'national disaster alliance' Government. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) : मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी। आप ज़रा मुख्तसर में सवाल कीजिएगा।

*** मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** (बिहार) : सर, मुल्क के मुख्तलिफ हिस्सों में बम-धमाका, यह निहायत ही नाज़ुक और गंभीर मसला है।

जिस सिम्त नज़र उठती है शोला है धुआं है,
मैं ढूंढ रहा हूं कि मेरा मुल्क कहां है।
एक गंगो-जमन ही नहीं इस मुल्क की रौनक,
हर लम्हा यहां खून का दरिया भी रवां है।

मैं समझता हूं कि इन चार मिसरों के पसमंज़र ही में पूरे देश की तस्वीर उभरकर सामने आ जाती है। हमारे साथियों ने मुझसे पहले इस मसले पर बहुत तफसील से बात की है, 15-15, 20-20 मिनट तक बातें हुई हैं, जो रिकॉर्ड पर हैं, मैं आपसे गुज़ारिश करता हूं कि चन्द मिनट मुझे इस मसले पर अता कर दें ताकि मैं इस नाज़ुक मसले पर कुछ रोशनी डाल सकूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) : बहुत लोग हैं बोलने वाले, इसलिए मुख्तसर में कहिए।

*** मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा। सर यह सिर्फ हुकूमत की ही ज़िम्मेदारी नहीं है कि वह बम-ब्लॉस्ट के खिलाफ इकदामात् करे, यह हम मुल्क के सारे लोगों की ज़िम्मेदारी है कि इस तरह के माहौल को पैदा होने से रोकने के लिए हम अमली कदम उठाएं। मगर हुकूमत की ज़िम्मेदारियां लोगों के मुकाबले में ज्यादा इसलिए बढ़ जाती हैं क्योंकि हुकूमत कवानीन के तहफ्फुज़ के लिए वचनबद्ध है, उसके पास लाठी है, बम है, बारूद है, गोला है, पुलिस है, फौज है और ये सारी चीज़ें देश के लोगों और देश की सलामती के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।

सदरे मोहतरम, मरकज़ी हुकूमत बम-धमाकों के वाकयात पर जिस तरह का बयान लेकर आई है, इस बयान से हम लोग मुतमईन नहीं हो सकते। मरकज़ी हुकूमत मुल्क के आवाम को और मुल्क की पार्लियामेंट को आईन की भूल-भुलइया में उलझा रही है। जैसाकि हमारे दूसरे साथियों ने कहा, मैं भी इस बात को उठाना चाहता हूं कि होम मिनिस्टर साहब ने अपने बयान के पैराग्राफ नं. 4 में कहा है कि 'पब्लिक-ऑर्डर और पुलिस, कांस्टीटयूशन के मुताबिक यह स्टेट सब्जेक्ट हैं और अमनो-अमान कायम रखने की बुनियादी ज़िम्मेदारी सूबाई सरकारों की है।' मंत्री जी का यह बयान यहां पढ़ा गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस खराबी की जड़ क्या है? उसको क्यों नहीं तलाश किया जाता? मरकज़ी हुकूमत या तो इसका अहसास ही नहीं रखती या इसको रोकने में अपनी नाकामी का ऐतराम नहीं करना चाहती। इस बात से किसको इंकार हो सकता है कि हमारे मुल्क में ये तोड़फोड़, तबाही और बरबादी कौन पैदा कर रहा है। इस बात को हम सब लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि इसका जिम्मेदार सिर्फ पाकिस्तान है। पाकिस्तान अच्छी

* Transliteration of the speech in Persian script is available in the Hindi version of the debate.

तरह जानता है कि सीधी लड़ाई में उसने हमेशा मुंह की खाई है और खाएगा। इसलिए उसने सर्द जंग छेड़कर हमारे मुल्क में बम धमाके और मुख्तलिफ कौमों को आपस में लड़वाने की साजिशें रची हैं जो हमारे यहां के फिरकापरस्त लोगों की नासमझी की वजह से आग में तेल डालने का काम करती जा रही हैं। हमारे भाई अपनी तकरीर में यह कह रहे थे कि मुल्क के अंदर भी घृणा के ऐसे माहौल पैदा किए गए जिसकी वजह से दुश्मनों को बाहर से इस मुल्क पर हमला करने और अपने बदनीयत इरादों को मुकम्मल तौर पर पूरा करने का मौका मिला।

महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हमारी हुकूमत यह कहती है कि यह सब्जैक्ट सूबाई हुकूमतों का है। आज बॉर्डर से बड़ी संख्या में हथियार आ रहे हैं। कल भी मैंने होम मिनिस्टर साहब से सवाल किया था, उसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये हथियार पश्चिम से भी आ रहे हैं, पूरब से भी आ रहे हैं, अनेक रास्तों से आ रहे हैं। तब तो बॉर्डर की हिफाज़त का सवाल और भी गंभीर हो जाता है और बॉर्डर से जो हथियार आ रहे हैं, बम ब्लास्ट्स करने के सामान आ रहे हैं, उनको रोकने की जिम्मेदारी सूबाई हुकूमत की है या सेंट्रल गवर्नमेंट की है?सेंट्रल गवर्नमेंट अपनी जिम्मेदारी से पीछा नहीं छुड़ा सकती।

महोदय, मैं उन बम ब्लास्ट्स की भर्त्सना करता हूं, भरपूर मज़म्मत करता हूं जो ईसाई भाइयों के ऊपर, मसीही बिरादरान के ऊपर गोआ में, कर्नाटक में और दूसरे सूबों में किए गए हैं। मगर जरा इसको इन वाकयात से भी जोड़कर देखा जाए कि क्या उड़ीसा में ईसाइयों का कत्ले आम नहीं हुआ? क्या उनके ऊपर मथुरा में हमले नहीं हुए? मथुरा में कौन लोग हमले कर रहे थे ईसाई भाइयों पर? उड़ीसा में यह कौन था दारासिंह, जो एक ईसाई मुवल्ली के कत्ल का जिम्मेदार है, उसके बच्चों को सोते समय ही गाड़ी के अंदर आग लगाकर मार डालने का जिम्मेदार है? उसको किस तरह से डिफेंड किया गया, यह भी अखबारों में आया। यहां भी हाऊस में इस पर अच्छी तरह से बहस हुई। सारी दुनिया जानती है कि दारासिंह को डिफेंड करने के लिए हुकूमत तक खड़ी हुई।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि चाहे वह दारासिंह हो, चाहे ये दीनदार अंजुमन हो, चाहे किसी भी तबके का आदमी हो, चाहे किसी भी फिरके का आदमी हो, यह सब कारोबार करना, यह हिंदुस्तान के साथ गद्दारी करना है। इस तरह से दीन-धर्म के नाम पर मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारों-गिरजाघरों के नाम पर एक-दूसरे के खिलाफ साजिशें करना और इन मज़हबी इमारतों को तोड़ना या तुड़वाना, ऐसे लोग इस मुल्क के वफादार नहीं हो सकते। अगर इन्हीं का नाम वफादार है तो फिर गद्दारी की परिभाषा क्या होगी, यह हुकूमत समझाए तो ज्यादा बेहतर होगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) : हो गया? अब खत्म करिए क्योंकि और भी लोगों को बोलना है।

* **मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : महोदय, मैं पैराग्राफ 3 पर एक सवाल पूछ लेता हूं और अपनी बात खत्म करता हूं । पैराग्राफ 3 में हमारे मंत्री जी ने यह बतलाया है कि दीनदार

---

* *Transliteration of the speech in Persian script is available in the Hindi version of the debate.*

अंजुमन एक तंजीम है हैदराबाद में, जिसके मेंबरों के जरिए गिरजाघरों पर ये सारे हमले हो रहे हैं। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वे फौरी तौर पर इस दीनदार अंजुमन को बैन करेंगे? हमारी तरफ से यह गुज़ारिश होगी कि इसको फौरन बैन किया जाना चाहिए, इसके हैडक्वार्टर पर ताला लगाना चाहिए और इसके ज़ितने भी मेंबर हैं, चाहे उन्होंने अपराध किया हो, चाहे न किया हो, उनको फौरन गिरफ्तार किया जाना चाहिए, इसलिए कि इनकी भी मालूमात हैं, मेरी भी मालूमात हैं और मंत्री जी ने भी बताया है कि पाकिस्तान से उनका सीधा ताल्लुक है। यह एक नया तबका है जो मुसलमानों जैसे नाम रखता है लेकिन इस्लाम से इस तबके का दूर का भी वास्ता नहीं है। इस तबके को सारी दुनिया का मुसलमान नॉन-मुस्लिम तबका मानता है। मैं मुस्लिम, नॉन-मुस्लिम के चक्कर में नहीं जा रहा हूं। मैं सिर्फ यह इसलिए बता देना चाहता हूं ताकि देशवासियों को अच्छी तरह से मालूम हो कि इस दीनदार अंजुमन की धारणा क्या है, इसकी सोच क्या है, इसकी भावना क्या है। इसका कभी भी मुसलमानों से कोई ताल्लुक नहीं रहा। इनकी किताब अलग है। ये अपने आप को चन्द्रेश्वर का अवतार बताते हैं। लिंगायत भाइयों को प्रभावित करने के लिए शिव का अवतार अपने आपको ये लोग कहते हैं और इनका पीर पाकिस्तान में बैठा हुआ है। वहां से वह सालाना उर्स के मौके पर हिन्दुस्तान आता है। इस तरह से ये लोग हिन्दुस्तान में पाकिस्तान से पैसा लेकर के पाकिस्तानी एजेंटी करते हुए सभी लोगों को, तमाम धर्म के लोगों को तबाह और बर्बाद कर रहे हैं। वे इस्लाम से खारिज लोग हैं। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इस्लाम से उन लोगों का क्या ताल्लुक है जो लोग इन्सानों को मार रहे हैं, जो लोग इन्सानों के ऊपर बम फैंक रहे हैं। इस्लाम तो यह कहता है कि अगर किसी व्यक्ति ने किसी व्यक्ति का बिना कसूर कत्ल किया है तो उसने सारे मानव संसार की हत्या की है और अगर किसी व्यक्ति ने किसी व्यक्ति को बचा लिया है तो उसने सारे मानव संसार को जीवनदान दिया है। ये सब के सब लोग जानवर और बरबरियत के शिकार लोग हैं। जो लोग इस तरह से इन्सानों पर हमला करके, मुल्क को तबाह कर रहे हैं, कौम को तबाह कर रहे हैं, मजहबी इबादतगाहों को तबाह कर रहे हैं तो क्या इन नान-मुस्लिम को तबाह करने वाले लोगों पर, गलत काम करने वालों पर हुकूमत फौरी तरह पर बैन लगाकर उनके आफिसों को सील करके उनको काबिले इबरतनाक सजा देगी या नहीं देगी, यह मंत्री जी बतायें?

उपसभाध्यक्ष (श्री टी. एन. चतुर्वेदी): शुक्रिया। श्री संजय निरुपम। आप भी संक्षेप में सवाल पूछिए क्योंकि समय कम है तथा और सदस्यों को भी पूछना है।

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष जी, माननीय गृह मंत्री जी का बयान परसों आया था। बयान मुख्य तौर पर हिन्दुस्तान के विभिन्न इलाकों में जो बम विस्फोट हुए हैं, विशेषकर चर्चों में जो विस्फोट हुए हैं, उन घटनाओं के ऊपर था। बयान आने से पहले इस देश में इस तरह का मौहाल बना दिया गया कि चर्चों पर जो भी हमले हो रहे हैं, चर्चों में जो भी विस्फोट हो रहे हैं उनमें बहुसंख्यक समाज जुड़े हुए लोगों का हाथ है। लेकिन मंत्री जी के बयान में साफ-साफ लिखा है कि दीनदार अंजुमन नाम का एक संगठन है और इसमें उसकी भूमिका है। पैरा पांच में इस बात को कहा है, "As a result of prompt investigations conducted by the State Police, a number of cases of bomb blasts have been successfully worked out and involvement of various outfits has come to light." वैरियस आउटफिट्स यानी और कौन-कौन से आउटफिट्स हैं, यह भी बताना जरूरी है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि दीनदार अंजुमन के अलावा ऐसे कौन-कौन से संगठन हैं, उनके

बारे में भी बतायें। तीसरे नम्बर पैरा में लिखा है, 'their links in Pakistan' यह स्पष्ट होना चाहिए कि सचमुच में दीनदार अंजुमन का संबंध आईएसआई से है कि नहीं? उससे दीनदार अंजुमन का संबंध किस तरह का है? 'their links in Pakistan' should be clarified, should be defined. यह एकदम क्लियर होकर आना चाहिए। मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात बताना चाहता हूं जिसको मंत्री जी परसों के बयान में नहीं बता पाये। मैं एक अखबार लेकर आया हूं। यह महाराष्ट्र का अखबार है 'महाराष्ट्र टाइम्स'। यह अखबार न तो शिव सेना से जुड़े हुए 'सामना' का है और न ही संघ परिवार का 'मुखपत्र' है। यह टाइम्स ऑफ इंडिया का एक अखबार है। उसमें कहा गया है कि सोलापुर में बम विस्फोट करने की साजिश थी और उस साजिश का पर्दाफाश किया गया है। वह एक रिपोर्ट है। सोलापुर में एक चर्च को बम से उड़ाने की एक घटना का पर्दाफाश हुआ। उसमें बताया गया मतलब सोलापुर में एक चर्च को उड़ाने की साजिश में दीनदार अंजुमन नाम की एक संस्था शामिल थी जिसका आई.एस.आई. से संबंध है। उससे संबंधित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसका कोई जिक्र उनकी स्टेटमेंट में नहीं है। उस व्यक्ति को हुबली में एक पुलिस इन्सपेक्टर ने गिरफ्तार किया। हुबली के पुलिस इन्सपेक्टर को कुछ जानकारी मिली और आगे पूरी की पूरी खबर मराठी में है। हुबली के पुलिस इन्सपेक्टर को जानकारी मिली और वह सोलापुर में गया। फिर संयोगवश मैं जातीय धर्म पर आऊंगा तो साम्प्रदायिकता वाली बात आ जायेगी, लेकिन एक खास समुदाय के लोगों के घरों में उसने छापे डाले। उसको हुबली में इन्फारमेशन मिली थी कि कुएं में बम रखा हुआ था। उस बम को उन्होंने जब्त किया और उससे जुड़ा हुआ व्यक्ति गिरफ्तार हुआ। उस व्यक्ति का नाम सैयद अखिल अहमद चांदपास सौदागर है। इसको कर्णाटक पुलिस ने पकड़ा और उसने बताया कि हमारा आई.एस.आई. से कनेक्शन है और मैं दीनदार अंजुमन से जुड़ा हुआ हूं। आई.एस.आई. ने हमें बताया और आगे यह बताया गया है कि हमारे पास विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल से जुड़े हुए कुछ पैम्फलेट्स हैं, वे पैम्फलेट्स भी पुलिस ने जब्त किए हैं। हमको यह बताया गया है कि बम विस्फोट करके वहां पर इन परचों को बांट दें। यह तो स्पष्ट हो गया है कि आई.एस.आई. से उनका कनेक्शन है जबकि मंत्री महोदय के बयान में ऐसी कोई साफ-साफ बात नहीं कही जा रही है। इस बारे में मंत्री महोदय हो सके तो केटेगरीकली एकदम साफ-साफ शब्दों में हमें बताने की कोशिश करें। हाल के बम विस्फोटों की चर्चा हो रही है, हाल के बम विस्फोटों के ऊपर क्लेरिफिकेशन है, बयान है लेकिन मैं 1993 में मुम्बई में जो सबसे खतरनाक और अब तक का सबसे बड़ा हादसा हुआ है उस बम विस्फोट के बारे में थोड़ा सा एक रिफ्रेंस दूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन. चतुर्वेदी) : उसके बारे में बहुत चर्चा हो चुकी है।

श्री संजय निरुपम : मैं उस बम विस्फोट की पूरी कहानी नहीं बताने जा रहा हूं, मैं सिर्फ कहना चाहूंगा कि उसका मख्य अभियुक्त अभी भी फरार है, वह पाकिस्तान में है। उसके कुछ और अभियुक्त अभी दुबई में हैं। यूनाइटेड अरब अमीरात से हमारी सरकार की प्रत्यर्पण की संधि हो चुकी है। इस ट्रिटी के बावजूद जो लोग इस समय दुबई में हैं, जो मुम्बई बम विस्फोट के मेन एक्यूज्ड हैं उनको क्यों नहीं हिन्दुस्तान लाने की दिशा में कोई प्रयास किया जा रहा है?

मैंने जो पहले बोला -वेरियस आउटफिट्स, वह सवाल पूछने के पीछे एक कारण है। यहां पर एक संस्था है -सिमि, स्टूडेंट्स आफ इस्लामिक मूवमेंट इन इंडिया। सिमि यहां पर छात्रों के बीच में कार्यक्रम चलाती है। लेकिन इंटेलीजेंस की एक रिपोर्ट है कि सिमि का कनेक्शन आई.एस.आई. से है, सिमि का कनेक्शन दीनदार अंजुमन से भी हो सकता है। तो मैं माननीय गृह

मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या ऐसी रिपोर्ट है कि सचमुच में सिमि का कोई संबंध आई.एस.आई. से पाया गया है और अगर पाया गया है, जैसा कि अभी कहा गया कि दीनदार अंजुमन को बेन किया जाए, तो क्या बिल्कुल उसी तरह से सिमि को भी बेन करने की दिशा में सरकार कोई पहल करना चाहेगी?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Shri C.P. Thirunavukkarasu. In future, I will always call you just C.P. Thiru.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry) : Sir, you call me C.P.T. Arasu; I will change my name like this.

SHRI V.P. DURAISAMY (Tamil Nadu) Sir, he is moving necessary amendments for that.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU : Thanking you, Mr. Vice-Chairman. Sir, at the outset, I would like to draw the attention of the hon. Minister to Unstarred Question No. 994 with regard to the bomb blasts, which was answered on 06.12.1999. The question was : 'whether a bomb exploded in Pooja Express on November 11, 1999; and the steps taken by the Government to check the recurrence of such incidents?' The answer to this question was, "The Central Government has been regularly sensitising the State Government to undertake appropriate preventive measures by way of gathering of tactical intelligence, close surveillance of vulnerable areas, regular patrolling of sensitive areas and installations, anti-sabotage checks, etc. Specific intelligence inputs received from time to time are shared with the State Governments." Sir, this is an answer which was given on 6th December, 1999. Sir, again there was an Unstarred Question in the Rajya Sabha on the same subject on 26.04.2000. The question was : 'whether it is a fact that a most sophisticated explosive device went off on the Delhi-Saharanpur passenger train at old Delhi Railway Station on the 6th January, 2000; and what measures have been taken by the Government to check such incidents?' Sir, if you would kindly note, it is the same answer which had been given to the Unstarred Question No. 994 on 06.12.1999 in the Lok Sabha. The answer to this question in the Rajya Sabha is, "The Central Government has been regularly sensitising the State Governments to undertake appropriate preventive measures by way of gathering of tactical intelligence, close surveillance of vulnerable areas ..."

Sir, if you would kindly note, the answer is the same even after more than six months; the situation has not improved and the bomb blasts have not been controlled. I think the answers that are available in the computers have been reproduced as it is. ...(Interruptions)...

SHRI L.K. ADVANI : Two and two makes four only. That is why the answers are same.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU : Sir, my submission is that the answers have not been improved upon, and the further surveillance and tactical control have not been improved. This is the thing which I wanted to bring to the notice of the hon. Home Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : Please put your question. Why are you referring to these questions? Kindly put pointed questions to the Home Minister.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU : Sir, I request, the surveillance may kindly be improved, as has been said in the answers. As far as the manufacturing of bombs is concerned, it has become like a cottage industry in India. Sir, just like the cooking books, books on how to manufacture a bomb, how to prepare a bomb, are being published, printed and circulated among the people of India. Several people have released such books. Fortunately, it is not being exhibited on television, and there are no videos on it. I request that steps may kindly be initiated to prevent the distribution of books of this sort.

It has been said that a series of bomb blasts took place in Karnataka, Andhra Pradesh and Goa. Actually, as my learned friend has said, the Karnataka police has identified a movement. The founder of the movement is Deendar Sannada Sangameshwara Siddiqui Tarique. He is neither a Hindu nor a Muslim. He claims to be an *avatara* of Sangameshwara, the founder of Veerashaiva. It is shocking news. This movement has been active in India from 1932. No steps have been taken since then to ban this organisation. As stated in the Minister's statement, I request him to take steps to ban this movement.

Recently, the Prime Minister of India went to Italy. Our Prime Minister gave an assurance to the Pope, "There will be no untoward incidents against minorities. I will take all suitable steps." But several things happened here recently. There were attacks on minorities. Did you receive any communication from the Pope after these incidents? What assurance did our Prime Minister give to the Pope? I request that steps may kindly be taken ....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : You are concluding now. You have asked a number of questions.

3.00 P.M.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU : I have asked only two questions.

I request that the House may kindly be informed whether any communication has been sent to other countries, including Australia, that we would safeguard the minorities of this country.

Thank you very much.

श्री रामदेव भंडारी (बिहार) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री जी ने 1 अगस्त को इस सदन में दिये गये अपने बयान में जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवादी ग्रुपों की आपस में जुड़ी और बाहर से समर्थित विघटनकारी गतिविधियों और वामपंथी उग्रवाद की चर्चा की है। महोदय, यह सही है कि देश के विभिन्न भागों में आतंकवादी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और जिन बमों का प्रयोग किया जा रहा है, वे कोई छोटे बम नहीं हैं, वह आर.डी.एक्स. है और अत्याधुनिक विस्फोटक डिवाइसिज़ प्रयोग में लाए जाते हैं। आखिर यह आते कहां से हैं? गृह मंत्री जी ने कल कहा था कि पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण, कहीं से भी, हर तरफ से आते हैं। यह सही है कि यह बहुत बड़ा देश है, इसकी सीमाएं भी कई देशों के साथ जुड़ी हुई हैं मगर उसे रोकना भी सरकार का कर्तव्य है। आर.डी.एक्स. पकड़ा भी जा रहा है। लगातार अखबारों में समाचार आते हैं कि इस स्थान पर आर.डी.एक्स. पकड़ा गया, उस स्थान पर आर.डी.एक्स. पकड़ा गया। अगर हम आर.डी.एक्स. को यहां आने से नहीं रोकेंगे तो फिर यह बम विस्फोट की घटनाएं होती रहेंगी। महोदय, नॉर्थ ईस्ट में भी लगातार - खास करके रेलगाड़ियां बमों का निशाना बनती हैं। रेल की पटरियां उड़ाई जाती हैं, रेलगाड़ियों में बम विस्फोट किया जाता है। महोदय, उनका निशाना रेलगाड़ियां इसलिए होती हैं ताकि काफी संख्या में लोग हताहत हों, काफी संख्या में लोग मारे जाएं। गृह मंत्री जी ने उग्रवाद के बारे में भी चर्चा की है। उन्होंने इस संबंध मे आंध्र प्रदेश और बिहार की भी चर्चा की है। उन्होंने कहा है कि संविधान के अनुसार लोक़ व्यवस्था और पुलिस राज्य के विषय हैं। यह सही है। महोदय, जो सामान्य लॉ ऐंड ऑर्डर की बात होती है, उसके लिए राज्य सरकार का दायित्व होता है मगर अगर किसी राज्य में उग्रवादी गतिविधियां होती हैं तो उसके लिए केन्द्रीय सरकार को, सैंट्रल गवर्नमेंट को भी सहायता देने की आवश्यकता पड़ती है। जैसा मंत्री जी ने कहा है कि अगर अर्द्धसैनिक बल की आवश्यकता पड़ती है तो अर्द्धसैनिक बल भेजे जाते हैं। दूसरी बात इन्होंने कही है कि इंडिया रिज़र्व बटालियनें खड़ी करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। फिर उन्होंने कहा है कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के लिए सुरक्षा से संबंधित व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं।

महोदय, मैं बिहार से आता हूं। बिहार का जो मध्य बिहार है, वह उग्रवाद से प्रभावित है। सरकार वामपंथी उग्रवाद की बात कह रही है, पर वह क्षेत्र दक्षिणपंथी उग्रवाद से भी प्रभावित है। मैं सेना की बात कर रहा था। दक्षिण पंथी उग्रवाद है बिहार में। ऐसे स्थानों पर सैंट्रल गवर्नमेंट का एक विशेष दायित्व होता है। ऐसी सरकारों को, जो सरकारें उग्रवाद से प्रभावित हों, वहां से जो फोर्स मंगाई जाती है, अर्द्धसैनिक बल मंगाए जाते हैं, जितनी बड़ी संख्या में मंगाए जाते हैं, कारण जो भी हो, गृह मंत्री जी बताएंगे, उतनी बड़ी संख्या में उनको फोर्स मुहैया नहीं कराई जाती

है। दूसरी तरह की मदद की जो बात है, इसको स्पष्ट नहीं किया गया है। मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि दूसरी तरह की मदद की जो बातें हैं, सुरक्षा से संबंधित मदद की जो बातें हैं, प्रतिपूर्ति संबंधी, उस संबंध में भी मंत्री जी स्पष्ट बताएंगे।

महोदय, मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि एक तरह का उन्माद, धार्मिक उन्माद हम उसे कह सकते हैं या धार्मिक आतंकवाद भी कह सकते हैं, इस समय देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक ऐसा संगठित गिरोह काम कर रहा है, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता, जो लगातार अल्पसंख्यकों पर हमला कर रहा है। महोदय, यह लोक सभा का एक सवाल है...

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी) : नहीं, सवालों को यहां मत लाइए क्योंकि समय बहुत कम है।

श्री रामदेव भंडारी : मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। यह सवाल ईसाइयों से संबंधित घटनाओं के बारे में है।

उपसभाध्यक्ष (श्री टी.एन.चतुर्वेदी) : घटनाओं को नहीं लाइए ..... आपने बात कह दी, आगे अगर कुछ और कहना है तो कहिए।

श्री रामदेव भंडारी : मैं सिर्फ उनकी संख्या बता रहा हूं कि 1998 में ईसाइयों से संबंधित 86 घटनाएं हुई हैं, 1999 में 120 घटनाएं हुई हैं और 2000 में 100 घटनाएं हुई हैं। यह साबित करता है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ यहां संगठित रूप से उन पर प्रहार किया जा रहा है और गृह मंत्री जी ने कहा है कि उनके पूजाघरों में भी बम विस्फोट किए जा रहे हैं। यह जो सेक्युलर कैरेक्टर है इस देश का, इस सेक्युलर कैरेक्टर को भी खत्म करने की बात हो रही है। पाकिस्तान के लोग उसमें मदद कर रहे हों या हमारे दूसरे लोग हों, धर्म के नाम पर जो राजनीति हो रही है, इसकी वजह से भी धार्मिक आतंकवाद पैदा हो रहा है। इसको भी गृह मंत्री जी रोकना होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI V.V. RAGHAVAN (Kerala) : As the hon. Chair insists, I will be very brief. I just want to draw the attention of the hon. Home Minister to the hidden sources, who, for monetary gains, help the extremists to get explosives and arms. There are some big guns involved in these activities. Let me point out a very old case. It is worth considering even now. If you trace the roots of the Jain Hawala transactions, you will find that it all began when they tried to find the sources of funds ' - the extremists. I do not know why the entire episode turned dramatically and the culprits escaped. Even now there are people, who, just for monetary gains, secretly help the extremists to procure arms and explosives. Unless we unearth these sources, we cannot face or confront the extremists. Therefore, I would request the hon. Home Minister to ponder over it and devote some of our resources and manpower to unearth these sources and get them booked.

*__मिर्ज़ा अब्दुल रशीद__ (जम्मू और कश्मीर) : महोदय, जिस तरह बम ब्लास्ट पर यहां बहस हो रही है इस पर काफी तफसीलन तकरीर हुई है। इसमें कोई शक नहीं है कि मुल्क के सैकुलर कैरेक्टर को, मुल्क की यकजहती और मुल्क की एकता को तोड़ने और इसको कमजोर करने के लिए आई.एस.आई. के जरिए पाकिस्तान पूरी शिद्दत से, पूरे मुल्क में अपने बुरे इरादे अमली तौर पर फैला रहा है। मैं सिर्फ इस बात पर जोर दूंगा कि मौलाना साहब ने जो दीनदार तंजीम को बैन करने के लिए जोर दिया है, मैं उसकी पुरजोर ताईद करता हूं और उम्मीद करता हूं कि ऑनरेबल होम मिनिस्टर इस किस्म के मौलिक और खतरनाक तंजीमों को बैन करके आइ.एस.आई. के इरादों को कमजोर करने और शिकस्त देने का कष्ट करेंगे। जम्मू कश्मीर की रियासत पिछले 11 सालों से ईंधन पर खड़ी है और इसके चारों तरफ से बम ब्लास्ट हो रहे हैं। पिछले ही दिनों वहां की गवर्नमेंट के मिनिस्टर बम ब्लास्ट में टुकड़े-टुकड़े हो गए। हर दूसरे दिन कोई न कोई वर्कर, कोई न कोई आर्मी का आफिसर बम ब्लास्ट में मारा जाता है। ये बम ब्लास्ट कहां से होते हैं। मैं आनरेबल मिनिस्टर के सामने सिर्फ एक बार का जिक्र करूंगा कि राजौरी, पुंछ की मिसाल ले ली जाए, पचास साल तक वहां सिर्फ एक मेजर जनरल थे लेकिन अब दो सालों से वहां दो मेजर जनरल है, एक डिफेंस के हैं और एक ऑपरेशन के हैं तथा दो डिप्टी मेजर जनरल हैं और दर्जनों की संख्या में ब्रिगेडियर हैं। इसके बावजूद भी क्रास बार्डर टैरे इस तरीके से हो रहा है कि वहां से पाकिस्तान के सिपाही सिविल वर्दी मे आते हैं। यहां दो-दो, तीन-तीन महीने मिलिटेंसी करने के बाद, सैकड़ों को हलाक करने के बाद छुट्टी मनाने के लिए वापस जाते हैं। जब तक इस किस्म के क्रास बार्डर बन्द नहीं होंगे तब तक जम्मू कश्मीर में सीज फायर या अमन की बात आगे नहीं बढ़ेगी। इसलिए मैं उनसे यह तवक्को रखूंगा कि साईंस एंड टैक्नॉलोजी की एडवांस स्टेज में जो आज की दुनिया है, ऐसी डिवाइस वहां इस्तेमाल की जाए जिससे वहां आने-जाने वालों के हौसले बुलंद हो और साथ ही हमारे बीएसएफ, सीआरपीएफ और आर्मी के बीच को-ऑपरेशन, को-आर्डिनेशन होना चाहिए ताकि ये लोग आपस में बार्डर को लूज न रख सकें और बार्डर पर टैरेरिज्म खत्म हो सके। कल ही हमारे ऑनरेबल दोस्त ने यह फरमाया था कि वहां के चीफ मिनिस्टर अक्सर वहां नहीं रहते हैं। मैं उनका नाम लिए बगैर कहना चाहता हूं कि My Chief Minister is not the Chief Minister of Haryana or Himachal Pradesh. He is the Chief Minister of a State which is affected by terrorism.वे एक ऐसी रियासत के चीफ मिनिस्टर हैं जहां पिछले 11 सालों से हर मोड़ पर, हर मोहल्ले में, हर तरफ टैरेरिज्म है और एक प्रोक्सी वार चल रही है। चीफ मिनिस्टर के ज्यादा काम हैं। वे टैरेरिस्ट का मुकाबला करने में अपना वक्त लगाते हैं। लेकिन हमें अफसोस है कि जिस किस्म की मदद दिल्ली से, पूरे मरकज से मिलनी चाहिए वह मदद नहीं मिल रही है। वहां पर हजारों नहीं बल्कि लाखों ग्रेजुएट्स बेकार हो रहे हैं। उनके लिए कुछ नहीं किया गया है। बजट को आए अब चार महीने गुजर चुके हैं और सीजन के लिहाज से अभी दो महीने और बाकी हैं लेकिन आज तक उनको बजट नहीं मिला है। किसी किस्म की स्पोर्ट नहीं मिल रही है। मैं उम्मीद करता हूं कि चीफ मिनिस्टर मिलिटेंसी के साथ लड़ रहे हैं इसलिए उनको पूरी मदद मरकज देने की कोशिश करें।

*Transliteration of the speech in Persian script is available in the Hindi version of the debate.

4153/RS—F14B

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Mr.Vice-Chairman, Sir, apart from political terrorists, there are other sections of terrorists and extremists, who are frustrated, educated, unemployed youth. In most of the States, the persons who are educated, who are not getting any employment, have resorted to these terrorist activities. I would like to know from the Government whether such of those terrorists have been identified in any State, whether any rehabilitation measures have been thought of for them; and if they resort to them, whether the Government, the State Government or the Central Government, are intending to show amnesty to them and bring them to regular life.

Sir, now, we have come to a stage where not a day passes without the report of a bomb blast in some part of the country. Every day, there is a bomb blast. Nowhere people are safe. Whether they are going in a train or going to the temple or to the church, anywhere, there is a bomb blast and nobody is safe. I can say that even our Home Minister was about to be a victim of this bomb blast at Coimbatore. *(Interruptions).*

SHRI P.N. SIVA (Tamil Nadu): That happened long ago. That is not the issue here now. That is irrelevant.

SHRI R. MARGABANDU : That was also a bomb blast ...*(Interruptions...*

SHRI P.N. SIVA: We are not discussing that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI) : The recent bomb blast ..*(Interruptions)...*

SHRI R. MARGABANDU : It is said in this statement. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. Margabandu wants to make a few observations. Please take your ..t. *(Interruptions).*

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM (Tamil Nadu): Our Home Minister is also coming forward with a statement. Is it irrlevant..*(Interruptions)...*

SHRI R. MARGABANDU: In paragraph 4, it is stated, "'Public order' and 'police' are State subjects as per the Constitution. The State Governments are primarily responsible for maintenance of law and order." There is a mention about bomb blasts in church premises in the States of Goa, Andhra Pradesh and Karnataka. I am surprised that Tamil Nadu has

not been included in the statement. Even in Tamil Nadu, a church was attacked. And that was not included. *...(Interruptions)...*

SHRI P.N. SIVA: Sir, it was long ago.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): It is not a question of argument. *...(Interruptions)....* Please take your seats. The Home Minister is there. He will reply.

SHRI R. MARGABANDU: There is no law and order at all in the State of Tamil Nadu. That is the position. Is the Central Government going to take stock of the situation there? *...(Interruptions)...*

SHRI V.P. DURAISAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, 5-10 hon. Members have spoken so far. But they have not done this..(Interruptions).

SHRI R. MARGABANDU: I would like to ask..*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): You have made your point, Mr. Margabandu. *...(Interruptions)...*

SHRI R. MARGABANDU: I would like to ask the Home Minister whether the States have been identified. What steps have the State Governments taken to curtail this? If the State Governments do not take any precautionary action to stop these activities, what will happen to this country? I would like to know whether the Central Government is going to ask the State Governments for details of the action they have taken.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, with your permission..*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): The Home Minister is there. You are not the Minister.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI : I am asking for your permission, Sir. I would like to know only one thing..*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. Sundaram, you were going to the Supreme Court. How have you come back again? *..(Interruptions)...*

SHRI S.VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, this is not a political issue or a party issue. We are all concerned about the attacks on minorities. We have given a categorical assurance that the rights of the minorities will be protected at any cost. There was a Committee headed by Mr. Sikander

Bakht. He has enquired into the matter and submitted a report to the Government of Tamil Nadu during the regime of Ms. Jayalalitha. Let them refer to it and find out in which regime the bomb blast had taken place.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): You see, the hon. Home Minister has certain responsibilities in the other House also. So, please be brief. Dr. L.M. Singhvi.

DR. L.M. SINGHVI (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, the concerted and conspiratorial pattern of bomb blasts in different States and the hand of the ISI and recent revelations with regard to them,make it a national issue. It is no longer an issue confined to a single State even though the distribution of subjects is such that police and law and order are State subjects. We are one with the Home Minister, and I am sure, the whole nation is with him in dealing with the whole problem of bomb blasts as a national issue. We must all rise above our political consideration, must all rise above our party consideration. This is a national issue which requires a national approach in which all of us must join together. Mr. Vice-Chairman, Sir, I don't think that the federal system stands in the way. Constitutionally, there are no obstacles, and I am sure, the Home Minister will make that clear. It is also clear, Sir, that these bomb blasts are a part of the pattern of proxy war from across the border which comes in different shapes and sizes, and which erupts in different parts of our country at the instance of ISI. That is why national coordination is necessary, and that is why a spirit of national unity and solidarity of which my friend, Mr. Eduardo Faleiro, spoke, is essential. That national unity and solidatirity is built on the foundation of secularism which is a part of the creed of our Constitution. That secularism is a part of the tradition and the heritage of India. It was from the Vedic times onwards to present times that this sense of accommodation, of giving space to each other, has been a part of our culture. It will not do for the minorities to decry and deprecate the majority, whether in the name of Hindutva or otherwise. It will not do for a single church or mosque or temple to be brought down because even a single incident is one too many. I think we must show a sense of solidarity, we must show a sense of total involvement in this nation-building scheme of secularism in our country, as a foundation of building our nation State, and meeting the security threat which is posed by our enemy, who would be only too happy to destroy the amity and understanding that we have sought to build up. While I am one with my friend, the hon. Member, Mr. Eduardo Faleiro, on many of the issues with

regard to the apprehensions of the Christians and all the minorities, I must draw an issue with him on one expression that is used and which I think is a mistaken expression. He has used the expression of cultural nationalism.

May I submit with all respect, that without culture, there can be no nationalism, and without nationalism, there can be no culture, and without culture and without nationalism, we cannot have a sense of nation. I am sure we must interpret our cultural nationalism in the widest possible term, in the most liberal perspective which is the genius of India. Mr. Vice-Chairman, Sir, I wonder what has happened to the White Paper which the Home Minister had promised; the White Paper on the black deeds of the ISI is what we all want, the White Paper on the black deeds which are done with the help of a person who is neither a Hindu nor a Muslim nor a Christian. He is just a traitor, he is just a spy. I think, we must rise above these narrow communal considerations and recognise the threat and its source for what it is.

Mr. Vice-Chairman. Sir, I would like to conclude by saying that while we are all concerned and deeply distressed by these incidents, we need to have a long-term strategy, and I would like the Home Minister to tell us how he envisions that long-term strategy What is going to be our positive agenda on building citizenship values, based on solidarity? How is he going to secure a greater participation of citizens? What is going to happen to an effort like the National Integration Council? Why don't you reconstitute it? Why don't you create it again? And create it as a forum of national unity, integrity and solidarity. We are all with the Home Minister in this effort because, while we may be divided by our different parties and by our different viewpoints, we are one in our allegiance to the country to which we belong, and I think these bomb blasts illustrate, and unveil the evil face of a neighbour who conducts a proxy war through different agencies. This is part of that concerted plan, that conspiracy, and the nation should be one in fighting that conspiracy. I hope the Home Minister will fight this menace with all the strength that he has, and with all the strength that we give as our support.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. Premchandran, you are a very experienced Member. We have admitted your name. But, please ask just one or two questions, and be brief. Don't make a speech

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): Mr. Vice-Chairman, I am only seeking certain clarifications on the statement. Sir, in the first para of the statement given by the hon. Home Minister, it is stated that the major concerns of the internal security scenario in the country centre around (i) Pak-sponsored terrorism in Jammu and Kashmir, (ii) inter-linked and externally supported subversive activities of militant groups in the North East and (iii) the violence perpetrated by the Left-Wing extremist groups in some States. Sir, these are the three main concerns of the Government in respect of the development of extremism and terrorism in our country. But I would like to know from the hon. Minister what he has done about the religious, communal and fundamentalist forces which are encouraging these extremist and terrorist forces to take advantage of the political situation. These extremists and terrorists are always using it as a weapon to spread their roots for developing their activities and destablising our country.

It is also admitted in para 3 of the statement that a series of bomb blasts took place throughout the country, especially in Andhra Pradesh and Karnatka. They are against the minority community. Most of them are against the churches. Recently, a bomb blast took place in a mosque in Guntur. It is a political issue.

I would like to say that it is a political issue. It depends on the political developments in each and every State. Has the Government got the political will to contain the communal forces who take advantage of the extremist and terrorist activities? We are making an allegation against the ISI. I do admit that it is the ISI.....*(Interruptions)*......

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Please put questions only. You are, again, making a speech.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: My specific question is this. Sir, the ISI is taking advantage of this position. Due to these circumstances, which have developed as part of the hate campaign of the communal and religious forces in our country, there is an apprehension in the minds of the minorities that they are insecure. So, the ISI is taking advantage of this position. My specific question to the hon. Minister is whether the Government has the political will and the political determination to contain the fundamental and communal forces, whether they are Hindus or Muslims or Christians. That is my question.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Goa) : Sir, I am on a point of order. Under rule 180 of the Rules of Procedure and as per the precedents which

are quoted here in the 'Rajya Sabha at Work' at page 455, I am raising this point. In a Calling- Attention, the Member who moves the Çalling' Attention is entitled to put questions by way of clarifications, and the Minister is required to reply. I must mention here right now that I had asked three questions by way of clarifications. Firstly, why has the Home Minister not brought forward before the House a white paper on ISI-activities, which he had promised to this very House in the month of December? Secondly, will he take action to ban the organisations inciting violence? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI): Mr. Faleiro, as you know, usually, first, the Minister will reply. After that, if you are, as the mover of the Resolution, not satisfied, you may seek further clarification.

SHRI EDUARDO FALEIRO: I don't want to disturb him at the end. If you feel so, I will abide by your ruling.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI T.N. CHATURVEDI):You have already started. So, you may continue. You have already made one point. Now, the second point.

SHRI EDUARDO FALEIRO: The sceond point, is whether the Minister should ban the organisations which are creating violence, calling for violence and organising violence on communal basis, including those organisations which belong to the Sangh Parivar.

Thirdly, I would like to know whether the Minister acknowledges that concepts -- not the cultural and national concepts of Dr. Singhvi - like Hindutva and Hindu Rashtra are divisive and destructive of the Indian nation.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : मान्यवर उपसभाध्यक्ष जी, फलेरियो जी ने सवाल उठाया, कालिंग अटेंशन नोटिस दिया और बाकी सभी सदस्यों ने, जिन्होंने इसमें भाग लिया, मैं उन सब के प्रति आभार प्रकट करता हूं। कालिंग अटेंशन में उल्लेख केवल मात्र चाहे बम ब्लास्ट का था लेकिन कुल मिला करके उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया जिसको आजमी साहब ने भी बहुत जोरदार ढंग से कहा कि अगर किसी से खतरा है और इस प्रकार के बम विस्फोट देश में हो रहे हैं, तो उसका प्रमुख कारण हमारा पड़ोसी है, जो कि हमारे खिलाफ परोक्सी वॉर चला रहा है। उसके माध्यम से अधिकांश हो रहा है। अन्य पहलू भी होंगे। आपने देखा होगा कि इस वक्तव्य में मैंने अपने को बम ब्लास्ट तक सीमित किया है। यों तो हत्याएं करना, लोगों को मारना आतंकवाद के अनेक पहलू हैं, लेकिन सवाल क्योंकि बम ब्लास्ट के बारे में ही पूछा गया था

(उपसभापति पीठासीन हुईं)

इसलिए मैंने उसका ही जिक्र किया। अब किसी ने कहा कि डाइवर्ट करने की कोशिश की है, नहीं की है। मैं बम ब्लास्ट के कालिंग अटेंशन नोटिस पर, अगर लगातार मई और जून महीनों में अनेक बम ब्लास्ट जो केवल चर्चेज़ में हो रहे हों उनका जिक्र न करूं तो कोई भी कह सकेगा कि बम ब्लास्ट के बारे में हमने कालिंग अटेंशन दिया और आपने इसका जिक्र भी नहीं किया। उसका उद्देश्य यह नहीं था कि हम कोई इस पर चर्चा करें। हमारे माइनारिटीज़ के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं या उनके साथ अन्याय हो रहा है, उस पर अगर होता तो उसके ऊपर मैं बोलता। लेकिन उसके ऊपर वह नहीं था। किसी ने कहा कि आपने इसमें उड़ीसा का जिक्र ही नहीं किया है, उड़ीसा में उनकी हत्या हो गई थी, उसके बालकों की हत्या हो गई थी। हमें इस बात को भूलना नहीं चाहिए, क्योंकि उसको सरकार ने इतना गंभीरता से लिया कि जिस प्रकार का एक हाई लेवल इन्क्वायरी कमीशन राजीव गांधी की हत्या के सिलसिले में हुआ था वैसा ही एक हाई लेवल इन्क्वायरी कमीशन इस मामले में भी हुआ। लेकिन विषय क्योंकि बम विस्फोट का था, इसलिए उत्तर देते हुए मैंने उन्हीं चीज़ों का उल्लेख किया जिनका बम विस्फोट के मामले से संबंध था और उसमें मैंने जिक्र किया। आजमी साहब, आप देखेंगे कि स्टेटमेंट के पहले ही वाक्य में मैंने कहा है कि It is Pak inspired. यानी इसमें उनको बख्शा नहीं है। वक्तव्य चाहे छोटा है, लेकिन पहला ही वाक्य जो है उसमें मैंने कहा है कि "The major concerns of the internal security scenario in the country centre around Pak-sponsored terrorism in Jammu and Kashmir, internally and externally supported subversive activities of militant groups in the North East and the violence perpetrated by the Left-wing extrimists groups in some States." इन्हीं में प्राय: बम विस्फोट होते रहे हैं। ठीक है किसी ने मेरा पुराना 1997 का जिक्र किया, बहुत होता रहा है। लेकिन मैं आपके सामने इस बात का जिक्र करना चाहूंगा क्योंकि फलेरियो साहब ने भी चर्चेज़ की बात की, प्रतिक्रिया में हमारे वेंकैया जी ने भी उसका जिक्र किया, मैं आपको बताऊंगा कि दुनिया भर में इस बात की चर्चा होती है कि इस देश में ईसाइयों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं, ईसाइयों के साथ अन्याय हो रहा है। और मुझे लगता है कि यह हमारे देश की बहुत बड़ी बदनामी है। यह इस देश में नहीं होता। लेकिन मुझे याद है कि जब मछलीपटनम की खबर आई, यह मई के महीने की बात है, शायद 21 मई थी जब कृष्णा डिस्ट्रिक्ट में मछलीपटनम की खबर सब अखबार में आई कि एक गैदरिंग थी, क्रिश्चियन गोस्पेल मीटिंग थी, उस में बम ब्लास्ट हुआ। मैडम, मेरा एक कार्यक्रम 25 मई को हैदराबाद में था और मैं 25 मई को हैदराबाद गया। मुझे वहां पर पुलिस के अधिकारी मिलने आए, वहां के होम डिपार्टमेंट के भी लोग मिलने आए। उनसे मैंने पूछा कि यह क्या हुआ, कैसे हुआ, तब उन्होंने पहली बार मुझे इस बात की भनक दी। उन्होंने कहा देखिए, हम को भी समझ नहीं आता और हम को इसलिए समझ में नहीं आता क्योंकि कृष्णा डिस्ट्रिक्ट में कभी भी हिंदुओं और ईसाइयों के बीच तनाव नहीं रहा। उन दोनों के बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। इसलिए हम को भी ताज्जुब होता है कि यह कैसे हुआ। लेकिन उन में एक बड़े अधिकारी थे, यहां मैं उन का नाम नहीं लूंगा, उन्होंने कहा कि मुझे संदेह है कि शायद इस मामले में "सिमी" का हाथ है। मैं ने कहा कि "सिमी" कहां से यहां आ गयी, तो उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी है कि ऐसा निर्णय हुआ है कहीं पर। वह बात वहीं खत्म हो गयी। मैं वहां से लौटकर आया तो देखता हूं कि 28 तारीख को विकाराबाद में एक चर्च में विस्फोट हुआ, 28 तारीख को मेंडक में चर्च में एक विस्फोट हुआ। फिर ओंगोल में 8 जून को एक चर्च में विस्फोट हुआ, 8 जून को ही टाडापल्लीगुडम् में एक विस्फोट हुआ, गुंटूर में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ, 8 जून को ही वास्को, गोवा में एक विस्फोट

हुआ। ये एक के बाद एक विस्फोट होने लगे। मैडम, उन्हीं दिनों में मैं विदेश गया था। इजरायल, फ्रांस और यू.के. गया था। यू.के. की प्रेस कांफरेंस में मुझ से सवाल पूछा गया about these blasts in churches. वहां मैंने जो आंस्वर दिया, उस में मैं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं जहां पर भी होती हैं, उन के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। मैं जाकर पता लगाऊंगा। मैं 26 तारीख को लौटकर आया। Immediately thereafter 26 तारीख को डायरेक्टर जनरल्स ऑफ पुलिस, होम सेक्रेटरी और चीफ सेक्रेटरीज की इंटरनल सेक्युरिटीज के बारे में नई दिल्ली में मैं ने एक कांफरेंस बुलाई थी, मेरे मंत्रालय ने बुलाई थी। उस में मैं ने कहा कि यह तो हमारे लिए चुनौती है। सामान्यतः इन दिनों अखबारों में जो खबरें छपती हैं, उन से ध्वनि तो यह मिलती है कि हो सकता है विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और ऐसी संस्थाओं ने कुछ किया हो। मैंने उन से कहा कि मैं आप को हिदायत देना चाहता हूं कि यह हमारे लिए एक चुनौती है और वह चुनौती इसलिए नहीं क्योंकि मैं मानता हूं कि इन घटनाओं के बाद अगर सामान्य ईसाई के मन में असुरक्षा का भाव निर्माण हो तो मैं उस को दोष नहीं दूंगा क्योंकि वह ठीक है और ऐसे में उस के मन में सरकार के प्रति गुस्सा पैदा हो तो वह भी जस्टीफाइड है। लेकिन हमारे यहां इस प्रकार से बम विस्फोट तो पहले कभी नहीं हुए, फिर यह क्या हो रहा है?इसलिए यह हम सब के लिए चुनौती है। यह मैं ने उन सब को कहा। मैडम, वह कोई केन्द्र सरकार के अधिकारी नही थे बल्कि अलग-अलग सरकारों के थे। मैंने कहा कि हमारा काम है कि हम इन अपराधियों को खोज निकालें, चाहे वे जो भी हों। वे अगर मेरे साथ संबंधित हैं, उन को पकड़ो, उन को दण्डित करो। वे कोई और हैं तो उन को पकड़ो, उन को दण्डित करो। हमारा इतना बड़ा मैकेनिज्म है, इतनी बड़ी एजेंसी है और लगातार इस प्रकार से कोई बम विस्फोट करता जाए, हां, इक्का-दुक्का कहीं हो जाता है तो हम नहीं खोज पाते हैं। बहुत बार चोरी होती है, डाका पड़ता है, हत्या होती है और नहीं खोज पाते हैं, ऐसा तो होता है। लेकिन एक ही व्यक्ति अगर 10 हत्याएं करे, लगातार और एक ही शहर में करे, एक ही प्रकार से करे, एक ही चक्कू से करे और उस के बाद भी हम उसे पकड़ नहीं सकें, तो यह बहुत बड़ी विफलता है। मैंने कहा कि मुझे लगता है इस में हम को तब सफलता मिलेगी जब आप कुछ खोज निकालोगे और मैं कहूंगा कि सेंट्रल एजेंसीज, आंध्र प्रदेश की सरकार और कर्नाटक की सरकार - इन तीनों ने मिलकर इस के बारे में ज़ो तहकीकात की, इनवेस्टीगेशन किया, उस का परिणाम यह निकला जो मैं कभी सोच ही नहीं सकता था। यह दीनदार अंजुमन की बात कोई मामूली बात नहीं है कि एक दीनदार अंजुमन नाम की कोई संस्था होगी। आपने सही कहा कि उस संस्था को इस्लामिक तो मानना ही नहीं चाहिए और आपने तो मांग भी की कि उसको बैन कर दो। मैं जरूर उन दोनों प्रदेशों से, जहां पर ये काम करती है, उन प्रदेश सरकारों से सलाह करके जो फैसला करना होगा, करूंगा, इसमें जो कार्रवाई जरूरी होगी, लीगली, वह उनसे सलाह करके ही करूंगा। उसका निर्णय मैं अभी तो घोषित नहीं कर सकता। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इतनी बड़ी डिस्कवरी हुई, जिसके बारे में मैं उम्मीद नहीं करता था कि डिस्कवरी मुझे हो जाएगी। मैं तो साधारणतः सोचता था कि आज आई.एस.आई. का इंटरेस्ट है कि हमारे यहां पर और बदअमनी फैले, एक दूसरे के खिलाफ भावना पैदा हो, एक दूसरे के खिलाफ लोग लड़ें और आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि इन्हीं दीनदार अंजुमन के लोग थे जिनके सामने यह भी लक्ष्य रहा है, महाराष्ट्र में इनके जो एजेंट्स हैं वे इस पर काम करते रहे हैं कि दलित और गैर दलित के बीच में कैसे भेद पैदा किया जाए। इस ऐक्सिडेंट में जो एक मारा गया, वह उनमें से एक था जिसके खिलाफ कुछ साल पहले महाराष्ट्र में इस बात के कारण मुकदमा चलाया गया था कि उसने डा. अम्बेडकर के स्टेच्यु को काला किया था। अर्थात् इतनी

गहन साजिश करने के बाद और पुलिस द्वारा उस गहन साजिश को खोज निकालने के बाद जैसा मैंने कहा कि हम स्वयं अपने देश को कोसते रहते हैं, उस देश को जिस देश में साधारणतः सहिष्णुता का भाव बहुत अधिक रहा है और जिस समय बाकी सारी दुनिया में असहिष्णुता थी, हिन्दुस्तान में असहिष्णुता कभी नहीं रही। इसीलिए जम्मू-कश्मीर ने निर्णय किया कि हम तो भारत के साथ जाएंगे। इन्होंने भले दो राष्ट्रों के आधार पर पाकिस्तान बनाया हो, लेकिन जम्मू-कश्मीर की जनता ने फैसला किया कि हम भारत के साथ जाएंगे क्योंकि यहां पर सब धर्मों के लिए, सब मज़हबों के लिए, सब पंथों के लिए आदर का, सम्मान का भाव है, इसलिए वे यहां पर आए हैं। मैं अभी इस्राइल गया था, आपको सुनकर खुशी होगी कि इस्राइल में भारत के प्रति बहुत आदर है और उसका एक प्रमुख कारण वे यह कहते हैं कि जिस समय यहूदियों को दुनियाभर में सब प्रकार के अत्याचार सहने पड़ते थे, तब अकेला भारत था जिसमें हमारे साथ कभी अन्याय नहीं हुआ। थोड़े-बहुत यहां जितने यहूदी थे, वे सब इज्जत से रहते थे, सम्मान से रहते थे। हम स्वयं ही अपने को कोसते रहते हैं। अखबार में छपता है मोटा-मोटा, हिन्दुस्तान में कहते हैं, कि इन्टॉलरेंस हो रही है, हेट केम्पेन चल रहा है और उस हेट केम्पेन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करिए। अगर कोई हिंसा करता है, मैं उसके खिलाफ कार्रवाई करूंगा चाहे वह राजनीतिक दृष्टि से मेरा समर्थक ही क्यों न हो। लेकिन किसी का विचार अगर है, जैसे हमारे डा. सिंघवी को कहना पड़ा, आपत्ति उठानी पड़ी कि फलेरियो साहब को तो कल्चरल नेशनलिज्म पर भी आपत्ति है। उन्होंने कहा कल्चरल नेशनलिज्म तो मस्ट है। हम डिसएग्री कर सकते हैं, कोई कह सकता है कि कल्चरल नेशनलिज्म की बात मत करो, लेकिन कल्चरल नेशनलिज्म को हेट केम्पैन मानना और इस कारण उन सारी संस्थाओं को जो इसकी बात करती हैं, उनको बैन करो, उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते हो, उनका ज़िक्र क्यों नहीं करते हो, यह गलत है। मैं यहां ज़िक्र उन्हीं का कर रहा हूं जो बम-विस्फोट करते हैं, मैं और किसी का ज़िक्र नहीं कर रहा, मैं विचारों की चर्चा कर ही नहीं रहा। हां, इतना ज़रूर मानता हूं कि भारत में सैकुलरवाद सहज स्वाभाविक रूप से प्राप्त है, केवल संविधान के कारण नहीं, सहज स्वाभाविक रूप से है। हमारा कांस्टीटयूशन 1950 में बना और उस समय देश का वातावरण बड़ा विषाक्त था। लाखों-करोड़ों लोग उजड़ गए थे। दुनियाभर में इस प्रकार का माइग्रेशन कभी नहीं हुआ होगा, जैसा तब हुआ था। लाखों लोग मारे गए, कत्ल हुए। मैं उसी भाग में रहता था, जो आज पाकिस्तान में है, कराची का निवासी हूं, लेकिन उस समय जब पाकिस्तान ने अपने को एक इस्लामिक राज्य, मज़हबी राज्य घोषित किया तब भारत ने अपने को एक सैकुलर राज्य घोषित करके सही किया। अगर सैकुलर हम नहीं बनते, हम भी कहते हिन्दू और मुसलमान के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, इसलिए हम भी मज़हबी राज्य स्थापित करेंगे तो मैं समझता हूं कि भारत अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी परम्परा के खिलाफ जाता। इसलिए कश्मीरी उधर नहीं गए, उन्होंने भारत को स्वीकार किया। इसलिए हम अपने को ही कोसते रहते हैं। आप मेरे से मतभेद रख सकते हैं, उसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इनमें मतभेद हो सकते हैं, ... लेकिन मतभेद इस सीमा तक न जाएं कि आप यह समझें कि मैं कोई बात कर रहा हूं तो यह इसलिए कर रहा हूं क्योंकि मैं मुसलमानों के खिलाफ हूं, मैं ईसाइयों के खिलाफ हूं। अगर हम ऐसा करेंगे तो हम देश को ही कमज़ोर करेंगे। शायद इस प्रकार करने से हमको थोड़ा सा वोटों का लाभ हो जाए लेकिन इससे देश मजबूत नहीं होगा। आज सबसे बढ़कर मुझे जिस बात की चिंता होती है वह यह है कि इन दिनों में दुनिया भर में हमारी इस प्रकार के बयानों के कारण कभी-कभी बहुत बदनामी होती है। मैं अपने विश्व हिंदू परिषद के लोगों को भी कहता हूं कि आप बयान देते हो तो

सोचकर दो क्योंकि आपका बयान केवल हिंदुस्तान में ही नहीं सुना जाता है बल्कि सारी दुनिया में सुना जाता है, इसलिए उसको सोचो, विचारो। यह मैं उनसे कहता हूं लेकिन इस संदर्भ में मैं यह भी कहना चाहूंगा कि दीनदार अंजुमन के इस घृणित षडयंत्र के एक्सपोज़र के बाद भी हम यही बात कहते रहें कि ईसाइयों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वे हिंदुओं के कारण हो रहे हैं, तो यह गलत होगा। यह गलत बात है।

महोदया, मैंने जसवंत सिंह जी को, ऐक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर को दीनदार अंजुमन के बारे में सारे तथ्य भेजे हैं और मैंने उनसे कहा है कि दुनिया भर में जो हमारी ऐम्बेसीज़ हैं, उनको ये सारे तथ्य भेजे जाएं। उनके माध्यम से हमें दुनिया को इस संबंध में जानकारी देनी चाहिए। पहले की जानकारी भी देनी चाहिए। अगर 1998 में उड़ीसा में या गुजरात में या मध्य प्रदेश में कुछ घटनाएं हुईं, उन घटनाओं के सिलसिले में सरकार ने जो कदम उठाए और जो कार्यवाही की, उसकी जानकारी भी देनी चाहिए और उन्होंने दी है।

मैं समझता हूं कि एक बहुत बड़ा षडयंत्र बेनकाब हुआ है और मैं चाहूंगा कि इस बेनकाब षडयंत्र के बारे में इस सदन के सभी लोग, सभी पक्षों के लोग दुनिया को बताएं कि हिंदुस्तान में कोई भी अल्पसंख्यक असुरक्षित नहीं है। अगर कोई षडयंत्र हो रहा है तो पड़ोस के देश की ओर से हो रहा है और पड़ोस का देश किस प्रकार के करतब कर सकता है, इसका नमूना हमने कल ही देखा है। उसकी चर्चा यहां पर हुई है और आज प्रधानमंत्री जी स्वयं वहां पर स्थिति का जायजा लेने के लिए गए हैं। अगर उन्हें आकर कुछ कहना होगा तो वे जरूर कहेंगे लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि आई.एस.आई. का या पाकिस्तान का यह जो प्रॉक्सी वार है, इसको सही संदर्भ में पहचानना चाहिए। मैंने आज प्रातः काल ही एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि उनकी नज़र केवल कश्मीर पर नहीं है। They have not been able to reconcile with the fact that even though partition of India took place on the basis of religion, India has successfully functioned as a secular State; India has successfully functioned as a State in which all citizens are equal, constitutionally and actually also. इससे वह रिकंसाइल नहीं कर पाते हैं। उनको लगता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुसंख्यक होते हुए भी भारत के साथ कैसे चला गया? उसको तो हमारे साथ आना चाहिए था। इस कारण से ये सारे इशूज़ ऐसे हैं जिन पर मैं चाहूंगा कि हम पार्टिज़न व्यू न लें और वोट बैंक की राजनीति का लोभ संवरण करें और यह मानकर चलें कि हिंदुस्तान में कोई भी सरकार आए, किसी भी पार्टी की सरकार आए So far as secularism is concerned, no Government is going to compromise on issues like secularism. I can say this on behalf of the present Government. इतना मैं और कहना चाहूंगा कि एक-एक सवाल का उत्तर तो मैं यहां नहीं दे सकता लेकिन मोटे तौर पर मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि जो बातें कही गई हैं कि एक लॉग टर्म स्ट्रेटेजी होनी चाहिए, वह स्ट्रेटेजी और कोई नहीं हो सकती except to develop the right perspective in respect of the internal communal harmony in the country. उसमें नेशनल इंटिग्रेशन काउंसिल का जो आपने सुझाव दिया है, उसको हम जरूर कंसीडर करेंगे। महोदया, पाकिस्तान के जो भी इरादे है, उनको हम विफल करेंगे। जो तीन चीजें मैंने कल कही थीं - एक तरफ तो हम जमीन पर हिंसा करने वाले लोगों को मजबूती के साथ कुचलेंगे, दूसरी तरफ जो लोग हिंसा के रास्ते पर चले गए हैं, गुमराह हो गए हैं लेकिन आज बातचीत करने के लिए तैयार

हैं, उनसे हम बातचीत करेंगे कि उनकी क्या कठिनाई है, उनकी लेजिटिमेट ग्रीवियेंसेज़ क्या हैं और तीसरी बात यह कि इस समस्या का समाधान तब तक नहीं निकलेगा जब तक आर्थिक विकास लगातार नहीं चलता रहेगा. इन तीनों रास्तों को अपनाकर हम इस बम की राजनीति का खात्मा करने का संकल्प करते हैं।

SHRI EDUARDO FALEIRO: Madam, I think you will protect me. He has not answered my question about the white paper.

उपसभापति : मंत्री जी ने इतने विस्तार से जवाब दे दिया है।

SHRI L.K. ADVANI: I will answer his question. It was a very specific question. इन्होंने पूछा था तो मैंने हाऊस में कहा था कि आई.एस.आई. की गतिविधियों पर एक श्वेत-पत्र सदन में लाने की सोच रहा हूं। उस पर ड्राफट भी तैयार हुआ, एक नहीं दो बार ड्राफट तैयार हुए। लेकिन मैं सदन को एक बार पहले भी बता चुका हूं, आज भी बता रहा हूं कि जो आई.एस.आई. की गतिविधियों को रोकने में एजेंसीज लगी हुई हैं उन्होंने बहुत सफलता के साथ पिछले दो-तीन सालों में आई.एस.आई. के केन्द्रों को खोज निकाला है, उनको ध्वस्त किया है, उनको समाप्त किया है। उनका आग्रह रहा है, मेरे ऊपर दबाब रहा है कि हमारे काम में हमको कुछ दिक्कत होगी, क्योंकि आप लिखेंगे तो एक कम्प्रहेंसिव बात लिखेंगे और वह कम्प्रहेंसिव बात जब होगी तो कई प्रकार से इधर से उधर उसके बारे में सवाल पूछे जाएंगे, आप जवाब देंगे और उसके कारण हमको काम में दिक्कत आएगी। मैं उनसे अभी भी चर्चा जारी रखे हुए हूं। एक तरफ तो मैंने हाऊस में स्वयं कहा है कि मैं पूरे तथ्य जो आप में से होम कंसलटेटिव कमेटी में हैं उनको जानकारी होगी कि आई.एस.आई. की गतिविधियों के बारे मे एलाबोरेट प्रजेंटेशन मेंबर्स के सामने कम से कम तीन बार किए गए हैं। मेंबर्स के सामने प्रजेंटेशन करना एक चीज है और संसद में बोलना या श्वेत-पत्र सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करना वह एक पब्लिक चीज है। उन दोनों में एक अंतर है, जिस अंतर को ध्यान में रख आई.एस.आई. के खिलाफ लड़ने वाले लोग मुझे कहते हैं कि आप जितनी बार चाहेंगे हम आपके एम.पीज. के सामने जरूर प्रजेंटेशन करेंगे लेकिन अगर आप श्वेत-पत्र प्रकाशित न करें तो हमको सुविधा होगी। इसके बारे में मेरी चर्चा उनसे अभी भी चल रही है। एक तरफ तो यह है कि हम देश के दुश्मन को नाकाम कर सकें और दूसरी तरफ जितनी जानकारी सदन को दे सकते हैं उतनी देनी होगी, इन दोनों उद्देश्यों को कैसे पूरा किया जाए, उसको देख करके निर्णय करूंगा।

SHRI BRATIN SENGUPTA: (West Bengal): I have listened to the statement and the reply of the hon. Minister. He narrated every event and it was quite informative. The hon. Home Minister has not replied why has the Government of the day and the hon. Home Minister of the Government of the day could not prevent the tragic loss of lives that took place in the bomb blasts in the country in the recent past. Am I clear, Sir?

SHRI L.K. ADVANI: You are very clear. When bomb blasts take place, they are not really aimed at any one. They are aimed at the general masses. कहीं बम विस्फोट हो गया, कहीं हम चले गए, किसी ने कहा कि मेरे खिलाफ कोई बम विस्फोट हुआ। हां, हो सकता था हमारा एक प्लेन डिले हो गया इसीलिए हम बच गए।

लेकिन देश के बड़े-बड़े नेता हैं जिनको हमने खोया है बम विस्फोट के कारण। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री जिनको हम खो पाए। After all, those who indulge in terrorism eye this as the most convenient way of striking terror because they do not have to take any risk themselves.

SHRI BRATIN SENGUPTA: Does that mean that your Government is helpless?

SHRI L.K. ADVANI: In these matters, I would plead with you, let us not try to blame any one. If there is any one to blame, it is these terrorists who are against the humanity and who have no commitment of any kind, either to religion or to any one.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Terrorists only believes in one religion and that is terrorism. Thank you, Mr. Home Minister, for your reply. Now, we have a Bill and there are only two speakers, Mr. Bratin Sengupta and Dr. Raja Ramanna.

THE ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AMENDMENT) BILL, 2000

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C.P. THAKUR): Madam, I move:

> "That the Bill further to amend the All India Institute of Medical Sciences Act, 1956, be taken into consideration."

Madam, as you have rightly pointed out, this is a very small amendment to the All India Institute of Medical Sciences Act. Madam, the All India Institute of Medical Sciences was established by an Act of Parliament in 1956. Three Members of Parliament, two from Lok Sabha and one from Rajya Sabha, are elected by the Members on the Governing Body of the All Institute of Medical Sciences. This amendment proposes that the moment a Member becomes a Minister or a Minister of State or a Deputy Minister or Deputy Chairman or Deputy Speaker, he should cease to be a member of the Governing Body. This is only a small amendment. I request that the Bill be taken into consideration.

The question was proposed

SHRI BRATIN SENGUPTA (West Bengal): Madam, I have no objection to the Bill itself. But since this is a premier institute of our country which used to carry and is till carrying a lot of weight and prestige,